Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title : Need to conduct an inquiry into the alleged irregularities in National Institute of Biologicals and improve its functioning.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर आपका ध्यान आकर्ाित करना चाहता हूं और मैं चाहूंगा कि स्वास्थ्य मंत्रालय इस पर विशो ध्यान दे। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायलौजीकल साइंस, स्वास्थ्य मंत्रालय की एक स्वायत्तशासी संस्था है और देश में औाधियों की गुणवत्ता की पहचान करती है। पिछले कुछ वार्ों से इस संस्थान के जो प्रमुख और सर्वोच्च पद हैं, जैसे निदेशक, उपनिदेशक (प्रशासन), उपनिदेशक(क्वालिटी कंट्रोल), उनकी नियुक्ति के संबंध में अनियमितताएं और विवादों की जानकारी प्रकाश में आ रही है और ऐसे व्यक्तियों को इन पदों पर लाया जा रहा है जो उन पदों के उपयुक्त भी नहीं हैं। यहां तक कि न्यायालय के निर्देशों के बाद भी, उनकी नियुक्ति की गई और इस प्रकार की नियुक्ति की गई कि उसमें रिक्रूटमेंट रूल्स भी बदले गए। मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस संदर्भ में ध्यान दें और जांच करवाएं और जांच करवा कर प्रभावी कदम उठाएं। आपका धन्यवाद।